हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

हिन्दुस्तान
मुजफ्फरपुर • मंगलवार • 01 दिसम्बर 2015

मुशहरी में लीची मॉडल प्रशिक्षण शिविर संपन्न

मॉडल प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते निदेशक विशाल नाथ व अन्य

मुशहरी | हिन्दुस्तान संवाददाता

अब लीची का उत्पादन देश के कई राज्यों में होने की पूरी संभावना है। लीची की नई नस्लों के विकास पर अनुसंधान जारी है। ये बातें एनआरसी लीची मुशहरी के निदेशक डॉ. विशालनाथ ने सोमवार को आठ दिवसीय मॉडल प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय कृषि एवं सहकारिता विभाग के निर्देश पर देश के विभिन्न राज्यों में लीची उत्पादन के लिए कृषि पदाधिकरियों व किसानों को प्रशिक्षण देने की योजना शुरू हो गई है। पहले सत्र में बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, असम, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के प्रखंड कृषि पदाधिकारियों, समन्वयकों, उद्यमियों व कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया है। अगले सत्र में देश के 20 लीची उत्पादक राज्यों के दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निदेशन डॉ. विशालनाथ व समन्वयन डॉ. सुशील कुमार पूर्वे व डॉ. शेषधर पांडेय ने किया।